/

बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन वैशाली जिले के हाजीपुर सदर प्रखण्ड में एजेंसी M/s Archer Foundation का कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्र, KYP code 09060016 संचालित है । दिनांक-31.7.2018 को बिहार कौशल विकास मिशन के टीम के द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण केन्द्र KYP code 09060016 का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय प्रशिक्षण केन्द्र के लैब में 17 कंप्यूटर सिस्टम हीं पाये गये । निरीक्षण की तिथि को इस केन्द्र पर Online UPS भी उपलब्ध नहीं था । पूर्व में भी District Skills Manager, वैशाली के निरीक्षण के क्रम में इस केन्द्र पर ये कमियां पायी गयी थी तथा District Skills Manager के द्वारा इन कमियों के निराकरण का निदेश केन्द्र को दिया गया था, बावजूद इसके M/s Archer Foundation के द्वारा District Skills Manager के निदेशों का अनुपालन नहीं करते हुए 17 कंप्यूटर सिस्टम तथा बिना Online UPS के हीं केन्द्र का संचालन किया जा रहा था ।

निरीक्षण में पायी गयी कमियों के आधार पर एजेन्सी से बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या-1433 दिनांक-6.9.2018 से स्पष्टीकरण की मांग की गयी । पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में M/s Archer Foundation के द्वारा अपने पत्र संख्या- AF/2018-19/104 दिनांक-10.9.2018 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया ।

अपने स्पष्टीकरण में M/s Archer Foundation के द्वारा यह उल्लेख किया गया कि दिनांक-31 जुलाई, 2018 को उनके केन्द्र KYP code 09060016 का निरीक्षण किया गया था तथा निरीक्षण के क्रम में लैब में 17 कंप्यूटर हीं पाये गये थे । स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि सुरक्षा की दृष्टि से रात में सारे कंप्यूटर को ऑफिस के आलमीरा में रख दिया जाता है । दिनांक-31 जुलाई, 2018 को प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति कम होने की वजह से Learning facilitator के द्वारा केवल 17 कंप्यूटर सिस्टम हीं लैब में रखा गया था तथा 3 कंप्यूटर ऑफिस के आलमीरा में मौजूद था । अभी सभी 20 कंप्यूटर लैब में मौजूद रहते हैं । निरीक्षण की तिथि को केन्द्र पर Online UPS खराब हो गया था तथा अब उनके द्वारा नया Online UPS खरीद लिया गया है । एजेंसी के द्वारा अपनी गलतियों के लिए क्षमा याचना करते हुए आगे शिकायत की पुनरावृति नहीं किये जाने का आश्वासन अपने स्पष्टीकरण में दिया गया ।

एजेंसी M/s Archer Foundation से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है । यदि सुरक्षा के दृष्टिकोण से कंप्यूटर सिस्टम को आलमीरा में रखा जाता था तो निरीक्षण टीम के केन्द्र निरीक्षण के समय उसे निरीक्षण टीम को दिखाया जाना चाहिए था, लेकिन एजेंसी के द्वारा ऐसा नहीं किया गया, जो यह स्थापित करता है कि निरीक्षण की तिथि को केन्द्र पर 3 कंप्यूटर थे हीं नहीं, तथा 17 सिस्टम से हीं केन्द्र का संचालन किया जा रहा था । District Skills Manager के जॉच के समय भी इस केन्द्र पर कम संख्या में कंप्यूटर पाये गये थे तथा उनके निदेश के पश्चात भी केन्द्र पर वांछित संख्या में कंप्यूटर का अधिष्ठापन नहीं किया गया था, जिससे यह प्रमाणित होता है कि केन्द्र का संचालन 17 कंप्यूटर के माध्यम से हीं गत कई दिनों से किया जा रहा था ।

एजेंसी से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है । अतः उनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उनके जुलाई बैच के Final Invoice से 40% की राशि की कटौती की जाती है । उन्हें यह भी चेतावनी निर्गत की जाती है कि

भविष्य में निरीक्षण क्रम में यदि उनके केन्द्र संचालन में त्रुटियाँ पायी जाती है तो उनके केन्द्र के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है ।

ह0/-
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक-BSDM/SDM-10/2017(खण्ड-1)- 1591 पटना,दिनांक- 06/11/2018

प्रतिलिपि- (1) M/s Archer Foundation, हाजीपुर सदर, वैशाली, KYP code 09060016 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) जिला पदाधिकारी, वैशाली/ जिला नियोजन पदाधिकारी, वैशाली/ District Skills Manager, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(3) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित को आदेश दिया जाता है कि वे M/s Archer Foundation के SDC, हाजीपुर सदर, KYP code 09060016 के माह जुलाई, 2018 बैच के Final Invoice से 40% की राशि कटौती करना सुनिश्चित करें ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,SPMU(E&Y)/SPMU Incharge, वैशाली/श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक, MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portalपर Uploadकरना/ कराना सुनिश्चित करें ।

प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।